# कृषि अनुसंधान केन्द्र

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, जयपुर)

नौगावां, अलवर–301025 (राजस्थान)

ई–मेलः zdr.navgaon@sknau.ac.in

दूरभाषः 01468-296600

मोबाइल नं.: **9413231557**

डॉ. गोपाल लाल चौधरी

क्षेत्रीय निदेशक (अनुसंधान)

---

क्रमांकः एफ.(प्रक्षेत्र भंडार) / कृ.अनु.के.नौगावां / 2025–26 / **204** दिनांकः **06.09.2025**

## <u>गेहूँ बीज ग्रेड़िग हेतु कोटेशन आमंत्रण सूचना</u>

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि अनुसंधान केन्द्र, नौगावां के प्रक्षेत्र पर रबी 2024–25 के दौरान उत्पादित लगभग 640 क्विंटल गेहूँ बीज की ग्रेडिंग हेतु इच्छुक व्यक्तियों जिनके पास पैन कार्ड एवं आधार कार्ड हो से निर्धारित प्रपत्र मे **दिनांकः 17.09.2025 को प्रातः 11:30 बजे** तक सीलबन्द कोटेशन आमन्त्रित किये जाते हैं। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की सभी शर्ते कार्यालय दिवस में **दिनांकः 17.09.2025** को **प्रातः 11:00 बजे** तक प्राप्त किये जा सकते है अथवा www.sknau.ac.in से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है। पूर्ण रूप से भरे हुये निविदा प्रपत्र **दिनांकः 17.09.2025 को प्रातः 11.30 बजे तक जमा होगें।** प्राप्त निविदाऐं उसी दिन **दोपहर 12:30 बजे** केन्द्र की दर निर्धारण समीति के समक्ष खोले जाएगें। निविदा को सम्पूर्ण अथवा उसके किसी भाग को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. श्रीमान निदेशक अनुसंधान, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
2. श्रीमान वित्त नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
3. श्रीमान प्रभारी सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को भेजकर अनुरोध है कि उक्त निविदा सूचना को विश्वविद्यालय पोर्टल www.sknau.ac.in पर प्रकाशित करने का श्रम करावें।
4. समस्त निविदा समिति सदस्य ............................................ कृषि अनुसंधान केन्द्र, नौगावां, अलवर।
5. सूचना पट्ट कृषि अनुसंधान केन्द्र / कृषि महाविद्यालय / कृषि विज्ञान केन्द्र, नौगावां, पंचायत समिति / तहसील कार्यालय, नौगावां / रामगढ़, ग्राम पंचायत, नौगावां, बीजवा एवं मोहम्मदपुर।
6. रक्षित / निविदा पत्रावली।

क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान

# निविदा की शर्तेः—

| | |
|---|---|
| 1. | ग्रेडिंग के दौरान गेहूँ बोरियों को गोदाम से निकालकर ग्रेडिग—प्लांट तक ले जाकर ग्रेडिंग करने के उपरान्त निर्धारित वजन के कट्टों में भरकर सिलाई करने के उपरांत बताये गये गोदाम में व्यवस्थित रूप से गिनकर रखना होगा। |
| 2. | कट्टों पर निर्धारित विवरण अंकित करने का कार्य भी निविदादाता को करना होगा। |
| 3. | ग्रेडिंग के दौरान निकलने वाले छोटे आकार के दानों, कटें—फटे दानों एवं अन्य मिश्रित पदार्थों को अलग—अलग बोरियों में भरकर पुनः गोदाम में रखना होगा। |
| 4. | ग्रेडिंग के दौरान मशीनों को सावधानपूर्वक उपयोग में लेना होगा। असावधानी के कारण मशीनों में किसी भी प्रकार की खराबी आती है या नुकसान होता है तो उसका जिम्मेदार निविदादाता स्वयं होगा। |
| 5. | बीजों को गोदाम से ग्रेडिग—प्लांट एवं ग्रेडिग—प्लांट से पुनः गोदाम में पहुँचाने हेतु ट्रैक्टर—ट्रोली केन्द्र द्वारा उपलब्ध करवायी जाएगी। |
| 6. | ग्रेडिंग कार्य में लगने वाले समस्त श्रमिकों की व्यवस्था निविदादाता को स्वयं करनी होगी। |
| 7. | ग्रेडिंग कार्य को सावधानीपूर्वक करना होगा क्योंकि ग्रेडिंग कार्य के दौरान घटित किसी भी प्रकार की दुर्घटना के लिए केन्द्र जिम्मेदार नहीं होंगा। |
| 8. | ग्रेडिंग का कार्य संबंधित अधिकारी के दिशा—निर्देशानुसार ही करना होंगा। |
| 9. | कार्य समाप्ति के उपरान्त क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र, नौगावां द्वारा गठित समीति द्वारा तकनीकि रिपोर्ट प्राप्त होने एवं कोष कार्यालय से बिल पारित होने के बाद ही चैक के माध्यम से भुगतान किया जावेंगा। |

मैंने उपरोक्त सभी शर्तो को ध्यानपूर्वक पढ़ एंव समझ लिया है तथा मैं उपरोक्त शर्तों के अधीन गेहूँ बीजों की ग्रेडिंग करने हेतु सहमत हूँ।

हस्ताक्षर निविदादाता

नामः



पताः

मो0नं0ः

# कृषि अनुसंधान केन्द्र, नौगावां

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

## गेहूँ बीजों की ग्रेडिंग कार्य के लिए दर प्रपत्र

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | दर प्रति क्विंटल (रू) |
|---|---|---|
| 1. | गेहूँ बीजों को गोदाम से निकालकर ग्रेडिंग प्लांट पर लाना, ग्रेडिंग करना, ग्रेडिंग किये हुए बीजों को 40 किलो वजन के कट्टों में भरना, कट्टों पर आवश्यक विवरण लिखने एवं सिलाई करने के उपरान्त बताये गये निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित रूप से गिनकर रखना, ग्रेडिंग के दौरान कटे–फटे, एवं बारीक दानों युक्त गेहूँ एवं अन्य मिश्रित पदार्थों को अलग–अलग बोरियों में भरकर पुनः गोदाम में या निर्धारित स्थान पर रखने का कार्य। | |

नोटः निविदादाता अपने पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्न करें।

निविदादाता के पूर्ण हस्ताक्षर

नामः

पताः

मो0नं0ः